सवा ,
श्रीमान प्रधानाचार्य जी,
डी.ए.वी. स्कूल
दयानन्द विहार,

विषय : छात्रवृत्ति हेतु प्रार्थना पत्र।

माननीय महोदय

सविनय निवेदन इस प्रकार है कि में कक्षा दसवीं 'ए' का छात्र हैं। मैं हर वर्ष अच्छे अंक लेकर पास होता हूँ। पढ़ाई के साथसाथ मैं चित्रकलासंगीत तथा खेलकूद आदि प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेता रहता हू और मैंने अनेक पुरस्कार भी जीते हैं। मैं क्रिकेट का एक बहुत अच्छा खिलाड़ी हैं। मैंने कक्षा 'नौ' में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। मेरी सभी अध्यापिकाएँ भी मुझसे काफी प्रसन्न हैं क्योंकि मैं एक सुशील तथा आज्ञाकारी छात्र हूं। में समय पर हर दिन स्कूल आता हूं इसलिए अध्यापिकाएँ मुझसे स्नेह करती हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि मेरे घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। मेरे पिता जी एक बैंक में क्लर्क है और हमारे घर में छह सदस्य हैं उन्हीं की तनख्वाह में सभी का खर्च चलता है इसलिए मेरे पिताजी मेरे विद्यालय का खर्च उठाने में असमर्थ हैं।

मुझे बड़े खेद से कहना पड़ रहा है कि मेरे पिताजी के पास अगले महीने की फीस देने के पैसे भी नहीं हैं। यदि आप कृपा कर मुझे छात्रवृत्ति दिला सकें तो मैं अपनी पढ़ाई जारी रख सऊंगा। मेरे मातापिता को मुझसे बहुत आशाएँ हैं। यदि आगे न पढ़ सका तो मेरा भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। आप ही मेरा भविष्य अंधेरे से निकालकर उजाले की ओर ले जा सकते हैं। मैं इसके लिए आपका सदा आभारी रहूंगा।

धन्यवाद,
आपका आज्ञाकारी शिष्य,
रतन जैन
कक्षा 10 'ए'
दिनांक 2 दिसम्बर, 2018